# थाना चांदामेटा पुलिस द्वारा सूने घर में हुई जेवरों की चोरी की वारदात का खुलासा, आरोपी गिरफ्तार

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** जिले के थाना चांदामेटा अंतर्गत पुलिस ने चोरी के आरोपियों को गिरफ्तार करने में सफलता हासिल की है। हालाकि कुछ आरोपी फरार बताए गए है जिसके कारण कुछ सामग्री पुलिस जप्त नहीं कर पायी है। आरोपियों को न्यायालय पेश किया गया जहां उन्हें न्यायालय ने न्यायिक हिरासत में भेज दिया है।




पुलिस से प्राप्त जानकारी के अनुसार थाना चाांदामेटा के अपराध क्रमांक 99/2026 धारा 331(4), 305(ए) बी.एन. एस. के मामेलें में चोरी गये सोने चाांदी के जेवर तथा अज्ञात आरोपी की आधुनिक तकनीकी सांसाधनों के तरीके से पतासाजी कर आरोपी मनोज उर्फ मेडी चौधरी निवासी हीरापुर थाना चोपना जिला बैतूल, पंकज साहू निवासी शोभापुर थाना सारणी जिला बैतूल, राजीव उर्फ लबड्डू वानखेडे निवासी बगडोना थाना सारणी जिला बैतूल, प्रथम उर्फ मुन्नू वर्मा निवासी चाांदामेटा एवं जावेद बेग निवासी छिन्दवाड़ा को हिरासत में लेकर सघन पूछतछ करने पर आरोपीगणों द्वारा प्रकरण के प्रार्थी रणजीत सिंह निवासी चाांदामेटा के घर उसी के मोहल्लें में रहने वाले प्रथम उर्फ मुन्नु वर्मा द्वारा प्रार्थी के परिवार सहित केदारनाथ यात्रा पर जाने से मौके का फायदा उठाकर अपने सहयोगी गिरफ्तारशुदा आरोपियों के साथ चोरी करने का प्लान बनाकर सुनेघर का ताला तोड़कर घर के आंदर घुसकर आलमारी का ताला तोड़कर सोने चाांदी के जेवर चोरी करना स्वीकार करने और मेमोरेंडम कथन अनुसार आरोपियों को विधिवत दिनाांक 10 जून 2026 को गिरफ्तार कर आरोपियों से मशरूका जप्ती की कायफ्र्वाही हेतु दिनाांक 15 जून 2026 तक पुलिस रिमांड न्यायालय से प्राप्त कर आरोपियों से पृथक-पृथक मेमोरेण्डम कथन के अनुसार सोने-चाांदी के जेवर एवं घटना में प्रयुक्त मोटर सायकिल जप्त कर पुलिस ने कब्जे में लिया तथा आरोपियों को दिनांक 15 जून 2026 को न्यायालय ज्युरिशियल रिमांड पर पेश कर न्यायालय ने अभिरक्षा में भेजा गया है। प्रकरण का एक अन्य आरोपी की तलाश जारी है जिससे सोने -चाांदी के जेवर जप्त शेष है।

इस सम्पूर्ण कार्यवाही में महत्वपूर्ण भूमिका निरिक्षक खमेचन्द पटले, थाना प्रभारी चाांदामेटा एवं निरिक्षक सत्येन्द्र बघेल, उप निरी. देवेन्द्र मसखरे, स.उ.नि. अमित यादव, स.उ.नि. रामलविास तिवारी, प्र.आर. 790 भदैय सिंह मरावी, प्र.आर. 232 सनिलाल भालावी, आर. 641 निर्मल सिंह रघुवांशी, आर. 866 सोनू साहू, आर. 183 रूपेश लहांगवे, आर. 762 दीपक ठाकुर, आर. 733 विपिन वासाडे, प्र.आर. नितिन सिंह एवं आर. आदित्य रघुवांशी की महत्वपूर्ण भूमिका रही और आरोपी की तलाश भी की जा रही है।

## थार में नाबालिग का अपहरण कर फरार मुख्य आरोपी गिरफ्तार

**जुन्नारदेव, देशबन्धु।** नाबालिग बालिका अपहरण कांड में जुन्नारदेव पुलिस को बड़ी सफ्लता मिली है। नाबालिक बालिका का अपहरण कर उसे थार वाहन से भगा ले जाने वाले मुख्य आरोपी और उसके सहयोगी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए अपहृत नाबालिग बालिका को भी सकुशल बरामद कर उसके परिजनों के सुपुर्द कर दिया है।

बीती 27 मई 2026 की सुबह आरोपी अरशद शेख उर्फ काजू पिता शेख फ्रीद, उम्र 32 वर्ष, निवासी वेलफेयर जुन्नारदेव ने अपने दोस्त फैजल जमाल की थार वाहन क्रमांक सी.जी.-04-क्यू.एक्स.-9980 का उपयोग कर नाबालिग बालिका को बहला-फुसलाकर भगा ले गया था। परिजनों की शिकायत पर थाना जुन्नारदेव में अपराध क्रमांक 202/26ए धारा 137(2) भारतीय न्याय संहिता 2023 के तहत मामला दर्ज कर विवेचना में लिया गया था।

**एसआईटी का गठन, पुलिस ने दी दबिश-**

मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस अधीक्षक छिंदवाड़ा के निर्देशन में एक विशेष जांच टीम का गठन किया गया था। जांच के दौरान पुलिस ने सबसे पहले घटना में प्रयुक्त थार वाहन के मालिक फैजल जमाल को नाबालिग को भगाने हेतु वाहन उपलब्ध कराने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया थाए जो वर्तमान में भी जेल में है।

इसके बाद जुन्नारदेव पुलिस और स्पेशल टीम ने मुख्य आरोपी काजू के दोस्तों से कड़ाई से पूछताछ की और नागपुर, इंदौर, भोपाल तथा बैतूल जैसे संभावित स्थानों पर लगातार दबिश दी और काजू को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश किया जहां जेल भेजा गया।

### सार समाचार

## मोहगांव में ग्रीष्मकालीन कराटे प्रशिक्षण शिविर आयोजित



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** ग्रीष्मकालीन छुट्टीयों में मोहगांव हवेली नगर के बच्चों ने ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण में कराटे के गुर सीखकर कराते बेल्ट परीक्षा में ग्रीन बेल्ट, ब्राउन बेल्ट, आरेंज बेल्ट एवं येलो बेल्ट प्राप्त किए।

ग्रीष्मकालीन खेल प्रशिक्षण का समापन सामाजिक कार्यकर्ता डॉ. गोपाल वंजारी की प्रमुख उपस्थिति एवं रेमंड यूनियन के पूर्व अध्यक्ष प्रमोद हनवतकर की उपस्थिति में संपन्न हुआ। कराटे प्रशिक्षक रामनारायण बुरुजवाडे ने बताया कि कु. परी वंजारी, टिना हनवतकर, सपना वंजारी को ग्रीन बेल्ट, उमर खान को आरेंज बेल्ट, प्रियल सेवतकर ब्राउन बेल्ट तथा दिवीता हनवतकर, इशिका ब्रम्हे, आदिल दिवान एवं दानिश दिवान को येलो बेल्ट दिया गया।

## भारतीय बौद्ध महासभा समता बौद्धबिहार की बैठक आयोजित




**जुन्नारदेव, देशबन्धु।** भारतीय बौद्ध महा सभा संमता बौद्ध बिहार अंबाडा, जिला छिंदवाड़ा द्वारा संचालित बैठक बुद्ध बिहार की नई कार्यकारिणी का पुनर्गठन की बैठक का 14 जून आयोजन किया गया। इस अवसर पर प्रदेश सचिव राजेश पाटील, रमेश लोखंडे, जिला अध्यक्ष अशोक शेडे, कार्यकारिणी के विस्तार एवं संविधान की जानकारी प्रदान की गई जिसमें कार्यकारिणी की बैठक में जिला अध्यक्ष अशोक शेडे द्वारा नई कार्यकारिणी बनाई जाने प्रस्ताव में उपस्थित सभी सदस्यों ने निर्णय लिया। बौद्ध महासभा द्वारा जमा राशि से भगवान बुद्ध की प्रतिमा क्रय करने का प्रस्ताव रखा गया जिसको उपस्थित सदस्य द्वारा सर्वसम्मति से पारित किया गया। बौद्ध महासभा के प्रस्ताव पंजी में अंकित हस्ताक्ष की छायाप्रति अध्यक्ष महासचिव गणेश बुनकर, कोषाध्यक्ष राम सजीवन भारतीय के हस्ताक्षर से राशि का आहरण होगा, चेक के माध्यम से लेनदेन होगा। इस अवसर पर दिनेश सहारे, गणेश बुनकर, रामजीवन भारतीय, उपाध्यक्ष संस्कार बुद्धेश्वर, महिला उपाध्यक्ष रीता भारती, महेश भारती, हरिश्चंद्र प्रजापति आदि लोगों उपस्थित रहे।

## शिवपुरी में व्यक्ति ने घर में लगाई फांसी

**परासिया, देशबन्धु।** शिवपुरी में रहने वाले 46 वर्षीय व्यक्ति राजाराम चंद्रवंशी ने गत रविवार की शाम को घर में फांसी लगाकर आत्महत्या कर लिया। जानकारी के अनुसार मृतक के परिवार में पत्नी और 2 पुत्र है। मृतक केन्द्रीय औद्योगिक सुरक्षा बल के मेस में काम करता था। उसका एक पुत्र भी मेस में काम करता है। घटना के समय पत्नी काम पर गयी थी। एक पुत्र ड्राइवर है, जो गाड़ी लेकर गया था। वहीं दूसरा पुत्र मेस में काम कर रहा था। फांसी लगाते समय मृतक घर में अकेला था। सूचना मिलने पर पुलिस ने मौके पर पहुंचकर शव को उतरवाकर पंचनामा बनाया। पुलिस ने मर्ग कायम कर शव का पोस्टमार्टम किया और इसके पश्चात अंतिम क्रिया के लिए मृतक का शव परिजनों को अंतिम संस्कार के लिए सौप दिया। अधेड़ ने आत्मघाति कदम किन परिस्थितियों में उठाया गया पुलिस विवेचना कर रही हैं।

## सांसद विवेक बंटी साहू ने जामई विधायक सुनील उईके को भेजा मानहानि का नोटिस



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** विगत दिनों छिंदवाड़ा के चारगांव प्रहलाद में घटित घटना को लेकर जुन्नारदेव विधायक सुनील उइके, कांग्रेस, गोंडवाना एवं अन्य दलों के द्वारा सांसद बंटी विवेक साहू के विरुद्ध प्रदेशभर में झूठे, भ्रामक और दुर्भावनापूर्ण प्रचार के माध्यम से प्रचार करते हुए उनकी छवि को धूमिल करने का प्रयास किया जा रहा है। सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि ऐसे निराधार आरोपों के विरुद्ध मानहानि की कानूनी कार्रवाई मेरे अधिवक्ता द्वारा की गई है एवं सभी को नोटिस भेजे गए हैं।

विधायक सुनील उइके, कांग्रेस, गोंडवाना एवं अन्य दलों को अधिवक्ता के द्वारा भेजे गये मानहानि के नोटिस में लिखा गया है कि आरोप लगाने वाले सभी लोग सांसद बंटी विवेक साहू से एक सप्ताह के अंदर सार्वजनिक तोर पर माफी मांगे, यदि माफी नहीं मागते है तो मानहानि की कानूनी कार्रवाई के लिए तैयार रहे। सांसद बंटी विवेक साहू ने कहा कि मेरे क्षेत्र की जनता मेरा परिवार है। जनता के आशीर्वाद और विश्वास से सांसद बनने के बाद से आज तक मैंने एक भी दिन आराम से घर पर बैठकर नहीं बिताया है। हर पल, हर समय छिंदवाड़ा एवं पांढुर्ना संसदीय क्षेत्र की जनता के बीच रहकर उनकी समस्याओं को सुनना, उनका समाधान करना और क्षेत्र के विकास के लिए समर्पित भाव से कार्य करना ही मेरा संकल्प रहा है। उन्होंने कहा कि जिन्होंने मुझे अपना प्रतिनिधि चुना है, उनके विश्वास को मैं कभी टूटने नहीं दूंगा। मेरे लिए राजनीति पद नहीं, बल्कि जनसेवा का माध्यम है। क्षेत्र की गलियों से लेकर गांव-गांव तक जनता के सुख-दुख में सहभागी बनना ही मेरी प्राथमिकता रही है।

## सोमवती अमावस्या को महिलाओं ने अपने पति की लम्बी आयु के लिए की पीपल के वृक्ष की पूजा

**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** सोमवार को सोमवती अमावस्या के अवसर पर सुहागिन महिलाओं ने श्रद्धा, भक्ति और आस्था के साथ व्रत रखकर अपने पति की लंबी आयु, उत्तम स्वास्थ्य एवं सुखमय दांपत्य जीवन की कामना की। सुबह से ही महिलाओं में धार्मिक उत्साह देखने को मिला, सोलह श्रृंगार कर महिलाएं अपने-अपने क्षेत्र के षष्ठी माता मंदिर और देवस्थानों में पहुंचीं तथा विधि-विधान से पूजा-अर्चना की।



### पीपल वृक्ष की पूजा कर मांगा अखंड सौभाग्य

धार्मिक मान्यताओं के अनुसार सोमवती अमावस्या के दिन पीपल वृक्ष की पूजा का विशेष महत्व होता है। महिलाओं ने पीपल वृक्ष की जड़ में जल अर्पित कर पूजा की तथा उसकी परिक्रमा करते हुए कच्चा सूत और कलावा बांधा। इस दौरान उन्होंने अपने पति के स्वस्थ, सुखी और दीर्घायु जीवन की कामना की।

### सोमवती अमावस्या का है विशेष धार्मिक महत्व

शास्त्रों के अनुसार सोमवार के दिन पड़ने वाली अमावस्या को सोमवती अमावस्या कहा जाता है। हिंदू धर्म में इस तिथि को अत्यंत पुण्यदायी माना गया है।

इस दिन स्नान, दान, पितृ तर्पण और भगवान शिव की आराधना का विशेष महत्व बताया गया है। मान्यता है कि इस दिन श्रद्धा और नियमपूर्वक व्रत करने से विशेष पुण्य फ्ल की प्राप्ति होती है।

### शिव-पार्वती की आराधना से सुख-समृद्धि की कामना

महिलाओं ने भगवान शिव और माता पार्वती की पूजा-अर्चना कर परिवार की सुख-शांति, समृद्धि और वैवाहिक जीवन की खुशहाली की कामना की। धार्मिक मान्यता है कि सोमवती अमावस्या पर शिव-पार्वती की उपासना करने से दांपत्य जीवन में मधुरता बनी रहती है और परिवार में सकारात्मक ऊर्जा का संचार होता है।

इस वृत को और पूजा के लिए गुलाबरा क्षेत्र की महिलाऐं जिसमें श्रीमती ममता वर्मा, रचना रजक, संध्या खजुरिया और श्रीमती चंद्रवंशी पहुंचकर प्रात:काल ही पूजा अर्चना कर अपने सुहाग की लम्बी आयु की कामना की।

## अंर्तष्ट्रीय योग दिवस के अवसर पर प्रदेशव्यापी साप्ताहिक योग अभियान का हुआ शुभारंभ



**छिन्दवाड़ा, देशबन्धु।** म.प्र. राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के तत्वाधान में अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 2026 के उपलक्ष्य में 15 जून 2026 से 21 जून 2026 तक मध्यप्रदेश की जेलों में एक सप्ताह तक चलने वाले प्रदेशव्यापी योग अभियान का शुभारंभ विवेक रूसिया, कार्यवाहक मुख्य न्यायाधिपति म.प्र. उच्च न्यायालय, जबलपुर के द्वारा केन्द्रीय जेल जबलपुर से वर्चुअल माध्यम से किया गया।

शुभारंभ कार्यक्रम के अवसर पर जिला जेल छिंदवाड़ा में सुशांत हुद्दार, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा प्रमुख रूप से उपस्थित रहे एवं योगाभ्यास किया।

कार्यक्रम में योग प्रशिक्षकों के द्वारा वर्चुअल रूप से जेल में निरूद्ध बंदियों को योग की विभिन्न मुद्राओं का अभ्यास कराया गया एवं योग करने के लाभ के संबंध में भी जानकारी प्रदान की गई। उक्त प्रदेशव्यापी साप्ताहिक योग शिविर अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस 21 जून 2026 तक निरंतर जारी रहेगा।

कार्यक्रम में विपेन्द्र सिंह यादव, मुख्य न्यायिक मजिस्ट्रेट छिंदवाड़ा, राकेश सिंह, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण छिंदवाड़ा, प्रतीक जैन जेल अधीक्षक छिंदवाड़ा, ज्ञानांशु भारतीय, जेल उपअधीक्षक छिंदवाड़ा, आशीष मंजना, सहायक जेल अधीक्षक एवं जेल में निरूद्ध बंदीगण उपस्थित रहे।

## भूमिगत शारदा माइंस परिसर में पूजन पाठ के साथ किया गया सुंदर काण्ड का पाठ



**गुढ़ी अंबाड़ा, देशबन्धु।** वेकोलि मुख्यालय के निर्देश अनुसार भूमिगत शारदा कोयला खदान परिसर में स्थित शारदा माता मंदिर में सुंदरकांड कार्यक्रम का आयोजन किया गया। इस दौरान संगीतमय हनुमान चालीसा का पाठ किया गया इसके अलावा दोपहर 1:00 बजे से मंदिर में पूजन पाठ व अनुष्ठान का कार्यक्रम किया गया। इस अवसर पर उपक्षेत्रीय प्रबंधक अंबाड़ा नरेंद्र कुमार सोनी, शारदा माइंस प्रबंधक शैलेश कुमार ठाकुर, सुरक्षा अधिकारी हिम्मत सिंह राव, राहुल प्रजापति, के अलावा श्रमिक संगठन के पदाधिकारी व वेकोलि कामगार कार्यक्रम के दौरान उपस्थित रहे।

## गुलशन केयर फाउण्डेशन ने सिविल अस्पताल को भेंट किए उपयोगी संसाधन



**सौसर, देशबन्धु।** सामाजिक दायित्वों के निर्वहन की दिशा में एक सराहनीय पहल करते हुए गुलशन पॉलीओल्स कंपनी द्वारा संचालित गुलशन केयर फाउंडेशन ने सिविल अस्पताल सौसर को दान स्वरूप 3 रूम कुलर, 2 बड़े कूलर, एक वाशिंग मशीन, एक फ्रिज प्रदान किया। एक शव संरक्षण हेतु बड़ा फ्रिजर तथा 2 वाटर कूलर बाद में प्रदान किए जाएँगे जिनका ऑर्डर हो चुका है। इन संसाधनों का लोकार्पण सोमवार 15 जून 2026 को विधिवत फीता काटकर किया गया। कार्यक्रम में पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड, एस.डी. एम. सिद्धार्थ पटेल, पार्षद प्रशांत बापू ठाकरे, कंपनी के एच.आर. अनिल दीक्षित, पूर्व मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. एन.के. शास्त्री तथा खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रूपेश बोकड़े सहित अन्य गणमान्यजन उपस्थित रहे।

इस अवसर पर पूर्व मंत्री नानाभाऊ मोहोड ने कहा कि समाज और उद्योगों के सहयोग से ही शासकीय संस्थाओं की सेवाओं को और अधिक सुदृढ़ बनाया जा सकता है।

उन्होंने गुलशन केयर फाउंडेशन की इस जनहितैषी पहल की सराहना करते हुए कहा कि अस्पताल में उपलब्ध कराए गए ये संसाधन मरीजों एवं उनके परिजनों को राहत प्रदान करेंगे तथा स्वास्थ्य सेवाओं की गुणवत्ता में भी सकारात्मक सुधार होगा। उन्होंने अन्य संस्थाओं और उद्योग समूहों से भी सामाजिक सरोकारों से जुड़कर जनसेवा में योगदान देने का आह्वान किया।

खंड चिकित्सा अधिकारी डॉ. रूपेश बोकडे ने फाउंडेशन एवं सहयोगकर्ताओं के प्रति आभार व्यक्त करते हुए कहा कि अस्पताल में प्राप्त हुए उपकरणों से मरीजों को बेहतर सुविधाएं उपलब्ध कराने में सहायता मिलेगी।

कार्यक्रम का संचालन श्याम शर्मा ने किया, जबकि डॉ. रूपेश बोकडे ने आभार प्रदर्शन किया। कार्यक्रम के दौरान अस्पताल स्टाफ एवं नागरिकों की उपस्थिति रही।